बीवीजी कंपनी की हड़ताल के कारण जयपुर में गंदगी के ढेर लगे, महापौर मुनेश व धाबाई ने चुप्पी साधी

प्रताप सिंह खाचरियावास ने कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कहा ''बीवीजी कंपनी को नगर निगम पैसा देता हैं, उसे हड़ताल करके जयपुर में सफाई व्यवस्था बिगाड़ने का कोई हक नहीं हैं।''

जयपुर (कासं)। बीवीजी कंपनी की हड़ताल के कारण जयपुर में घर-घर कचरा संग्रहण बंद हैं। इस कारण परकोटा क्षेत्र, वीआईपी कॉलोनियों, मुख्य सड़कों और कॉलोनियों में कचरे के ढेर लगे पड़े हैं। इसके बावजूद महापौर मुनेश गुर्जर और शील धाबाई इस कंपनी पर कार्रवाई के बजाय चुप्पी साधे बैठी हैं।

अब कैबिनेट मंत्री और सिविल लाइंस विधायक प्रतापसिंह खाचरियावास ने बीवीजी कंपनी को जयपुर से बाहर का रास्ता दिखाने की बात कही है। इसके लिए खाचरियावास ने यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल से मुलाकात करने और नगर निगम के ही स्तर पर सफाई का काम छोटे-छोटे ठेके देकर शुरू करवाने की बात कही। वे आज दोपहर 12 बजे हैरिटेज नगर निगम में अफसरों की क्लास लेकर भी बदहाल सफाई पर चर्चा करेंगे।

सूत्रों के मुताबिक जयपुर में पिछले चार दिन से सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप्प पड़ी है। लोगों के घरों पर डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के लिए हूपर नहीं पहुंच रहे। हालात ये हो गए है कि घरों से कचरा नहीं उठने के कारण लोग मजबूरन सड़कों पर ओपन डिपो पर कचरा फैंक रहे है, जिसके कारण शहर में जगह-जगह कचरे के ढेर लग गए हैं। जबकि बीवीजी कंपनी के पास डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के अलावा सड़कों पर भी डिपो से कचरा उठाने का जिम्मा है। इस पूरे काम पर नगर निगम हर महीने 23 से 25 करोड़ रुपए खर्च भी कर रहा है। उसके बावजूद भी लोगों को सुविधा नहीं मिल रही।

जयपुर रेलवे स्टेशन के नजदीक शहर के किनारे लगा कचरे का यह ढेर 'स्वच्छता रैंकिंग में पिछड़ने की वजह साफ बयां कर रहा है। नगर निगम ने भले ही यहां दीवार पर स्वच्छता जागरूकता का स्लोगन लिखवा रखा है, लेकिन बीवीजी कंपनी की हड़ताल ने इस पूरे अभियान की धज्जियां उडा दी हैं। फोटो-राष्ट्रदूत

- **खाचरियावास आज दोपहर 12 बजे हैरिटेज नगर निगम मुख्यालय में लेंगे अफसरों की बैठक, यूडीएच मंत्री से मुलाकात करके भी इस कंपनी पर कार्रवाई की मांग उठाएंगे**
- **प्रताप सिंह ने बिना नाम लिये दोनों मेयर पर निशाना साधते हुए कहा कि ''पार्षद और महापौर चाहें किसी भी पार्टी के हों, लेकिन सफाई करवाना उनकी जिम्मेदारी हैं।''**

मंत्री खाचरियावास ने बताया कि बीवीजी कंपनी को सफाई का ठेका दे रखा है। कंपनी ने उस काम को अपने स्तर पर ही शहर में छोटे-छोटे एरिया में सबलेट कर रखा है, इसके बावजूद हालात खराब है। बीवीजी कंपनी के प्रतिनिधि भ्रष्टाचार में लिप्त है और जेल जा चुके है। उनकी मनमर्जी के कारण पार्षद तक परेशान है।

उन्होंने कहा कि पार्षदों की कोई सुनवाई नहीं होती। ऐसे में जो काम कंपनी कर रही है, वह काम अब नगर निगम के जरिए करवाएंगे। इस मामले पर मैं यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल से बात करूंगा और छोटे-छोटे टेन्डर के जरिए वार्डों में सफाई का काम ठेके पर देने की मांग उठाऊंगा। ताकि उन छोटे-छोटे ठेकेदारों पर नगर निगम के वार्ड कर्मचारी के साथ-साथ पार्षद भी मॉनिटरिंग कर सके और सफाई व्यवस्था को बेहतर करवा सके।

प्रताप सिंह ने बिना नाम लिये दोनों मेयर पर निशाना साधते हुए कहा कि ''पार्षद और महापौर चाहें किसी भी पार्टी के हों, लेकिन सफाई करवाना उनकी जिम्मेदारी हैं।''

बताया जा रहा है कि जयपुर में बीवीजी कंपनी ने 9 करोड़ रुपए का बकाया भुगतान मांगते हुए हड़ताल की है। हालांकि आज दिन में नगर निगम प्रशासन से बातचीत होने और जल्द भुगतान होने का आश्वासन मिलने के बाद कंपनी के कर्मचारी वापस काम पर लौट आए। हड़ताल के कारण दो दिन से शहर का करीब 900 मीट्रिक टन से ज्यादा कचरा सड़कों पर पड़ा रहा, जिसे उठाने की कवायद शुरू हो रही हैं।

एन.सी.सी. केडैट्स की नियमित फ्लाईंग शुरू

जयपुर, (कासं)। एनसीसी निदेशालय राजस्थान के उप महानिदेशक एयर कमोंडोर एल के जैन और एन सी सी समूह मुख्यालय जयपुर के तत्वावधान में 1 राज एयर स्क्वाड्रन एनसीसी, जयपुर द्वारा माईक्रोलाईट फ्लाईंग का आयोजन सांगानेर एयरपोर्ट पर किया गया। इस आयोजन में 1 राज एयर स्क्वाड्रन एनसीसी, जयपुर युनिट के सीनियर डिवीजन व विंग के कैडिटो ने इस मौके पर भाग लिया। यह माईक्रोलाईट स्लोवियन दो सीटर ट्रेनर एयर क्राफ्ट है। इसका भारतीय नाम ''गरूड'' दिया गया हैं यह माईक्रोलाइट फाईबर ग्लास कम्पोसीट सामग्री से बना हुआ है और यह 170 किलोमीटर प्रति घन्टे की स्पीड से उड़ान भरता है। 1 राज एयर स्क्वाड्रन एनसीसी, जयपुर में लगभग 02 वर्ष के लम्बे अन्तराल के बाद केडैटो को माईक्रोलाईट फ्लाईंग करवाई। 1 राज एयर स्क्वा. एनसीसी के कमान अधिकारी ग्रुप कैप्टन नीरज अम्बा के साथ कुल 20 कैडेट्स ने फ्लाईंग की। जिससे केडैटो में बड़ा उत्साह देखा गया। 1 राज एयर स्क्वा. एनसीसी के कमान अधिकारी ग्रुप कैप्टन नीरज अम्बा मिग - 21, मिग - 27, एमआई-37 हेलिकॉप्टर, चेतक, चीता हेलिकॉप्टर, एएलएच हेलिकॉप्टर जो कि प्रधानमंत्री ने देश को समर्पित किया हैं जिसके पाइलेट भी रह चुके हैं। माईक्रोलाईट फ्लाईंग केडैटो को एविऐशन क्षेत्रो में जाने के लिए प्रेरित करता हैं। एयर स्क्वा. के केडैटो को नियमित फ्लाईंग जयपुर अन्तराष्ट्रीय एयरपोर्ट के सहयोग से करवाया जायेगा।

जयपुर के पौने 2 लाख घरों में कल नहीं होगी पेयजल सप्लाई

जयपुर (कासं)। शहर के एक दर्जन से ज्यादा इलाकों में आगामी 1 दिसंबर को पानी की सप्लाई नहीं होगी। जलदाय विभाग ने एक दिसंबर को मेंटेनेंस और रिपेयरिंग के काम के लिए सुबह 10 से शाम 6 बजे तक शट डाउन का निर्णय किया है। इसके कारण परकोटा समेत विद्याधर नगर, शास्त्री नगर, दिल्ली बाइपास, सीकर रोड की एक दर्जन से ज्यादा एरिया में पानी की सप्लाई नहीं होगी। सूत्रों की मानें तो जयपुर शहर का 35 फीसदी क्षेत्र इस शटडाउन से प्रभावित रहेगा, जिससे करीब 1.75 लाख घरों में पानी नहीं आएगा।

अधीक्षण अभियंता सुभांशु दीक्षित ने बताया कि बीसलपुर प्रोजेक्ट के तहत रामनिवास बाग और अमानीशाह में बने पम्प हाउस की सफाई और रिपेयरिंग का काम करवाया जाएगा। इसके कारण 1 दिसंबर को सुबह 10 से शाम 6 बजे तक दोनों पम्प हाउस पर शटडाउन रहेगा। इसके कारण जयपुर के 35 फीसदी एरिया में पानी की एक समय की सप्लाई नहीं की जाएगी। ये सप्लाई 1 दिसंबर को ही प्रभावित रहेगी, 2 दिसंबर से सप्लाई सामान्य हो जाएगी। बताया जा रहा है कि शट डाउन के कारण वीकेआई रोड नंबर 9 से 14, जीवन दीप कॉलोनी, निवारू रोड की आंशिक कॉलोनियों, मुरलीपुरा, विद्याधर नगर के सेक्टर 1 से 9, अम्बाबाड़ी, सीकर रोड, रामनगर (लंकापुरी) शास्त्री नगर, नाहरी का नाका, भट्टा बस्ती ब्लॉक सी व डी, शिवाजी नगर, व्यास कॉलोनी, सुभाषनगर, बनीपार्क, गोपालबाड़ी, मोदीखाना, रामचन्द्र चौकडी, घाटगेट, आमेर, जयसिंहपुरा खोर, ईदगाह, बासबदनपुरा, ब्रह्मपुरी, वन विहार, दिल्ली बाइपास की कॉलोनियों में पानी की सप्लाई नहीं होगी। वहीं चारदीवारी के जिन एरिया में रात 8 बजे में पानी की सप्लाई होती है वह भी कम प्रेशर के साथ की जाएगी।

- **रामनिवास बाग और अमानीशाह में बने पम्प हाउस की सफाई-रिपेयरिंग का काम करवायेगा जलदाय विभाग**
- **शटडाउन के कारण परकोटा समेत विद्याधर नगर, शास्त्री नगर, दिल्ली बाइपास, सीकर रोड की एक दर्जन कॉलोनियों में पानी सप्लाई नहीं होगी**

डॉक्टर्स ने बैडमिंटन लीग में एक-दूसरे को दी शिकस्त

जयपुर (कासं)। एफ.एस.रियल्टी डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग के दूसरे दिन खेले गये मैचों में डॉक्टर्स की टीम ने उत्साह से भाग लिया। लीग निदेशक डॉ अनिल यादव ने बताया कि वरिष्ठ वर्ग में अग्रवाल हॉस्पिटल ने न्यू लाइफ हॉस्पिटल को 3-2 से, उर्मिल हॉस्पिटल ने किड्स डेंटल को 3-2 से तथा जीवन रेखा हॉस्पिटल ने सोमानी हॉस्पिटल को 3-2 से हराया। बॉयज वर्ग में ऐओश ने जयपुर यूरोलॉजी को 3-2 से तथा शर्मा डायग्नोस्टिक ने बराला हॉस्पिटल को 5-0 से हराया। किड्स वर्ग में ज्योति जगुआर ने आंच हॉस्पिटल को 4-1से, स्वास्तिक हॉस्पिटल ने जयपुर गैस्ट्रो को 4-1 से हराया। वहीं होप हॉस्पिटल ने आंच हॉस्पिटल को 4-1 से तथा स्वास्तिक हॉस्पिटल को 5-0 से हराया। गर्ल्स कैटेगरी में ईएचसीसी ने ऐओश को 4-1 से हराया। वहीं पैथोस्कोप ने जुत्शी केअर वेल को और एएलसीएस को 3-2 से हराया।

'राज्य में फसल बीमा पॉलिसी की संख्या एक करोड़ पार हुई'

कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने सोमवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रचार रथों को रवाना किया।

जयपुर। कृषि मंत्री लालचन्द कटारिया ने कहा कि राज्य सरकार के नवाचारों, निरन्तर प्रचार-प्रसार एवं किसानों को समय पर बीमा क्लेम का भुगतान करने से प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की लोकप्रियता में निरन्तर वृद्धि हुई है। राज्य में वर्ष 2020-21 में फसल बीमा पॉलिसियों की संख्या एक करोड़ से ऊपर पहुंच गई है।

कटारिया ने सोमवार को यहां अपने कार्यालय से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रचार रथों को रवाना करते हुए बताया कि राज्य में वर्ष 2018-19 में लगभग 78 लाख हैक्टेयर क्षेत्रफल का फसल बीमा हुआ था, जो बढ़कर 20-21 में करीब 1 करोड़ 13 लाख हैक्टेयर हो गया है। इसी प्रकार फसल बीमा पॉलिसियों की संख्या 2018-19 में 72 लाख से बढ़ते हुए 20-21 में 1 करोड़ 7 लाख हो गई है।

कृषि मंत्री ने बताया कि राज्य में पिछले 3 साल में 80 लाख से ज्यादा किसानों को लगभग 13 हजार करोड़ रुपए के बीमा क्लेम का भुगतान किया गया है। हनुमानगढ़ जिले के अलावा रबी 2020-21 तक के समस्त बीमा क्लेमों का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने राज्यांश प्रीमियम भुगतान की जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान सरकार ने अपने अब तक के कार्यकाल में गत सरकार के बकाया राज्यांश प्रीमियम के साथ-साथ रबी 2020-21 तक के लिए समस्त राज्यांश प्रीमियम का भुगतान बीमा कम्पनियों को कर दिया है। खरीफ 2021 के लिए राज्यांश प्रीमियम भुगतान प्रक्रियाधीन है। कृषि आयुक्त डॉ. ओमप्रकाश ने बताया कि राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 7 बीमा कम्पनियों द्वारा फसल बीमा का काम किया जा रहा है। खरीफ में 19 तथा रबी में 17 फसलों का बीमा जिलों में बोई गई फसलों के हिसाब से किया जा रहा है। रबी के लिए आगामी 25 दिसम्बर तक प्रदेशभर में 250 से ज्यादा वैनों के द्वारा लीफलेट वितरण, पोस्टर, होर्डिंग, किसान गोष्ठी से प्रचार करेंगे।

सार-समाचार

'सफाईकर्मियों को मुख्यधारा में जोड़े'

जयपुर । राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की सदस्य अंजना पंवार ने कहा कि अंतिम पंक्ति में बैठे सफाई कर्मचारी की समस्या का समाधान करना हम सबकी जिम्मेदारी है। सोमवार को नगर निगम हैरिटेज में दोनों नगर निगमों और प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए हम सबको मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों के शैक्षिणक, सामाजिक, आर्थिक स्तर को कैसे सुधारा जाए, उसके लिए हमें गंभीरता से विचार करना चाहिए। अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई कर्मचारियों की भलाई के लिए सरकार की स्कीमों का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाए। पंवार में कहा कि नगर निगम हैरिटेज में 4763 सफाई कर्मचारियों के पद स्वीकृत है, लेकिन अभी भी काफी पद खाली है। उन्होंने रिक्त पदों को भरने पर जोर दिया। साथ ही 27 हजार पदों पर भर्ती की जरूरत बताई। उन्होंने सफाई कर्मचारियों की शीघ्र भर्ती करने, मृतक कर्मचारियों के लंबित प्रकरणों के निस्तारण, वार्डों में रोल कोल सेंटर बनाने, सफाई कर्मचारियों के आई कार्ड, बनाने और उस पर ब्लड ग्रुप लिखने, पेंशन, मृतक आश्रित से संबंधित मामलों के समाधान के निर्देश दिए। इसके अलावा सफाई कर्मचारियों की भर्ती में बरसों से काम करने वाले सफाई कर्मियों को प्राथमिकता से लिए जाने पर जोर दिया। बैठक में सफाई कर्मचारी संगठनों द्वारा विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की सदस्य को ज्ञापन सौंपा। इस पर सदस्य ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

प्रदेश में 3 लाख लोगों को लगी वैक्सीन

जयपुर (कासं)। प्रदेश में सोमवार को 3 लाख से ज्यादा लोगो को कोविड वैक्सीन लगी। इसके साथ ही अब तक 6 करोड़ 78 लाख से ज्यादा लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। केन्द्र सरकार की ओर से राज्य को पर्याप्त वैक्सीन मिलने के बाद टीकाकरण में तेजी आई है। इसके चलते आज 3 लाख 22 हजार 106 लोगों को वैक्सीन लगी। इनमें 51 हजार 418 लोगों को पहली तथा 2 लाख 70 हजार 668 लोगों को दूसरी डोज दी गई। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक 18 से अधिक उम्र वाले 42 हजार 90 लोगों को पहली तथा 2 लाख 5 हजार 84 लोगों को दूसरी डोज लगाई गई। इसके अलावा 45 से अधिक आयु वर्ग में 9300 लोगों को प्रथम तथा 64 हजार 377 लोगों को दूसरी डोज दी गई। राज्य में अब तक 6 करोड़ 78 लाख 50 हजार 112 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है, इनमें 4 करोड़ 34 लाख 22 हजार 260 लोगों को पहली डोज लगी है। जबकि 2 करोड़ 44 लाख 27 हजार 852 लोगों को दोनों डोज लग चुकी है।

अक्षय यादव शहर उपाध्यक्ष बने

जयपुर (कासं)। राजस्थान युवा यादव महासभा के जयपुर शहर उपाध्यक्ष पद पर अक्षय यादव को नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति महासभा के प्रदेशाध्यक्ष महेन्द्र कुमार यादव ने दी हैं। उन्हें राजस्थान युवा महासभा के कार्यों को आगे बढ़ाने और समाज की गतिविधियों और प्रतिष्ठा में वृद्धि के लिए कार्य करने का आव्हान किया गया है।

54 पुलिस उपअधीक्षकों का पदस्थापन

जयपुर (कासं)। पुलिस मुख्यालय ने पुलिस निरीक्षक से पुलिस उप अधीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए 54 अधिकारियों को नई जगह पोस्टिंग (पदस्थापन) दी है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कार्मिक अनिल पालीवाल ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। भवानी सिंह शेखावत, मुकेश चौधरी और रामवतार सिंह को सहायक पुलिस आयुक्त लीव रिजर्व, जयपुर कमिश्नरेट में लगाया है। हेमाराम बिजानियां को पुलिस उपाधीक्षक एटीएस, रामसिंह को सहायक पुलिस आयुक्त कंट्रोलरूम जयपुर के पद पर लगाया है।

'फाइल गुम हुई तो 15 दिन में पुनः तैयार करवाएंगे अफसर'

जयपुर । प्रदेश के नगरीय निकायों में फाइलें गुम होने के मामलों से सरकार परेशान हैं। लगातार ऐसे मामले ''प्रशासन शहरों के संग'' अभियान में सामने आ रहे हैं। अब सरकार की नींद खुली हैं और अब निकायों को फाइल गुम होने पर अपनाई जाने वाली प्रक्रिया फिर बताई। जबकि, प्रक्रिया पहले से भी निर्धारित है, लेकिन निकाय उसके अनुसार कदम नहीं उठा रहे हैं। इसे लेकर नगरीय विकास विभाग और स्वायत्त शासन विभाग ने आदेश जारी किए हैं। सूत्रों के मुताबिक फाइल गुम होने पर हिदायत भी दी गई है। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि समस्त प्रक्रिया 15 दिन में पूरी की जाए। साथ ही कंप्यूटरीकृत प्रणाली अपनाते हुए फाइलें संधारित की जाए। गुम होने पर जिम्मेदार कार्मिक के खिलाफ कार्रवाई के प्रावधान हैं, लेकिन निकाय हैं कि ऐसे मामलों में सख्त एक्शन नहीं ले रहे। इसी कारण अभियान भी प्रभावित हो रहा हैं। आदेश में कहा है कि सेवा नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। साथ ही फाइल गुम होने पर पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराएं। यदि फाइल गुम होती है तो भी आमजन के काम रोकें नहीं, बल्कि 15 दिन में नई फाइल गठित कर प्रकरण निस्तारित करना होगा।

ई-रिक्शा में बैठकर चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार

जयपुर। गलता गेट पुलिस ने महिला चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से चुराया हुआ सोने का जंतर बरामद किया है। थानाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि ई-रिक्शा में बैठ कर सवारियों के बैग से सामान चोरी करने वाली गैंग की आरोपित महिला ज्योति शिकारी उर्फ चुचु (23) निवासी मुरैना हाल रामगंज हाल झुग्गी जयसिंहपुरा को गिरफ्तार किया है। उससे ई-रिक्शा में बैठी महिला दाखा देवी निवासी आमेर के बैग से चोरी का सोने का जंतर बरामद किया।

स्कॉर्पियो कार चुराने वाले तीन शातिर बदमाश पकड़े

जयपुर से गुजरात जाकर हवाला कारोबारी को लूटने की फिराक में घूम रहे थे आरोपी

जयपुर । कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने श्याम नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक स्कॉर्पियो गाड़ी जब्त की है। यह बदमाश चोरी की इस गाड़ी से गुजरात जाकर हवाला कारोबारी को लूटने की फिराक में थे।

डीसीपी (क्राइम) परिस देशमुख ने बताया कि वाहन चोर गिरोह के शातिर बदमाश तौसिफ पासा उर्फ गुड्डू (29 निवासी चना गिरी जिला सिमुगा कर्नाटक हाल छतरपुर नई दिल्ली, हनुमान प्रसाद शर्मा उर्फ पप्पू (35) और मनोज बोरा उर्फ राज (22) निवासी ब्यावर जिला अजमेर को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच पड़ताल में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपित तौसीफ पासा उर्फ गुड्डू मूलत: कर्नाटक का निवासी है जिसका जियारत के लिये अजमेर में आना जाना रहता है। जहां पर फूले खां नामक व्यक्ति से जान पहचान हुई। जिसके मार्फत मनोज उर्फ राज व हनुमान प्रसाद उर्फ पप्पू से जानकारी हुई। आरोपित तोफिक उर्फ गुड्डू वाहन मैकेनिक है जिसको वाहन का लॉक तोडने में महारत हासिल है। वहीं आरोपित मनोज उर्फ राज आपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है जिसके विरूद्ध पूर्व में भी जिला अजमेर, पाली एवं जोधपुर के विभिन्न थानों में लूट, मारपीट व चोरी के करीब 9 प्रकरण दर्ज है। साथ ही तीनों आरोपित नशे के आदी हैं जिस कारण कर्ज होने पर स्कॉर्पियो वाहन चोरी करना कबूल किया है।

आरोपितों से पूछताछ में सामने आया कि वह चोरी के वाहन से जयपुर से अहमदाबाद के बीच में हवाला कारोबारियों से हवाला की रकम को लूटने की योजना थी,लेकिन पुलिस टीम ने इससे पहले ही बदमाशों को दबोच लिया। आरोपित चोरी के वाहन को चोरी करने के बाद बेचने व अन्य वारदात करने की फिराक में अजमेर, जोधपुर, पाली, सिरोही होते हुए पालनपुर, गांधीनगर गुजरात गए हैं। पुलिस फिलहाल आरोपितों से पूछताछ कर रही है, जिनसे अन्य वारदात का खुलासा होने की संभावना है।

- **फिलहाल पुलिस टीम आरोपियों से पूछताछ में जुटी हैं, ताकि अन्य वारदातों का पता लगा सकें**

आठ आईपीएस समेत 66 अधिकारी और पुलिसकर्मी डीजीपी डिस्क से सम्मानित

जयपुर (कासं)। पुलिस महानिदेशक एम.एल.लाठर ने सोमवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित समारोह में 8 आईपीएस समेत 66 अधिकारियों व पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति डिस्क और रोल प्रदान कर सम्मानित किया।

लाठर ने इस अवसर अधिकारियों व कर्मचारियों को भविष्य में भी पूरी क्षमता से कार्य करने का आव्हान करते हुये कहा। साथ ही करोनाकाल में पुलिसकर्मियों द्वारा किये गए सकारात्मक कार्यों से आमजन में पुलिस की बनी बेहतर छवि को बनाये रखने का आग्रह किया। लाठर ने प्रदेश में शान्ति और कानून व्यवस्था बनाये रखने के साथ ही आमजन की शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर बल दिया। उन्होंने अपराधों को नियंत्रित करने के लिये पुलिस कर्मियों से सदैव मुस्तैद रहने का आव्हान किया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रवि प्रकाश ने बताया कि सम्मान समारोह के दौरान आठ आईपीएस, एक अतिरिक्त निदेशक प्रचार, एक उप निदेशक स्वास्थ्य, 10 आरपीएस, दो निजी सचिव, नौ पुलिस निरीक्षक एवं कंपनी कमांडर, तीन उप निरीक्षक एवं प्लाटून कमांडर, दो-दो मंत्रालयिककर्मी एवं हेड कांस्टेबल एवं 28 कांस्टेबल को डीजीपी प्रशस्ति पत्र एवं रॉल प्रदान किया गया। इन 8 आई.पी.एस. में

एडिशनल डीजीपी पुनर्गठन एवं नियम संजीव कुमार नार्जारी, आईजी इंटेलीजेंस रूपिंदर सिंघ, डीआईजी कार्मिक गौरव श्रीवास्तव, एडिशनल कमिश्नर द्वितीय जयपुर हैदर अली जैदी, डीआईजी सीआईडी सीबी अनिल कुमार टांक, एसपी जयपुर ग्रामीण मनीष अग्रवाल, एसपी गौरव यादव (वर्तमान में सीआईडी सीबी जयपुर) और एसपी प्रशिक्षण पीटीसी जयपुर दौलतराम अटल शामिल थे। इनके अलावा 10 आर.पी.एस. में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल, ज्ञानचंद यादव, भरत लाल मीणा, सौरभ कोठारी, ललित किशोर एवं पुलिस उप अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, रामानंद शर्मा, सूर्यवीर सिंह राठौड़, नरेंद्र कुमार व अमीर हसन का सम्मान हुआ। इसी प्रकार अतिरिक्त निदेशक प्रचार पुलिस मुख्यालय गोविंद पारीक एवं उप निदेशक (स्वास्थ्य) डॉक्टर सुनील पूनिया को डीजीपी का सम्मान दिया गया। इसी प्रकार अतिरिक्त निजी सचिव पुलिस मुख्यालय मुरारी लाल गुप्ता, डीजीपी के निजी सहायक बनवारी लाल शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी अनुभाग प्रथम नेमीचंद शर्मा एवं सूचना सहायक एससीआरबी प्रकाश कंवर शेखावत को भी नवाजा गया। 9 पुलिस निरीक्षक एवं कंपनी कमांडर में धीरज वर्मा, कामरान खान, राम सिंह नाथावत, शिवदास मीणा, पूनम चौधरी, विक्रांत शर्मा एवं कंपनी कमांडर दीपक जोशी, सीताराम बुनकर एवं सुश्री वीना कुमारी शामिल थे। इसके अलावा प्लाटून कमांडर मुकेश कुमार व उपनिरीक्षक रामकिशोर शर्मा एवं उपनिरीक्षक प्रोबेशनर विजय मीणा तथा हैड कांस्टेबल जगदीश प्रसाद जाट व महावीर प्रसाद यादव तथा कांस्टेबल अशोक सिंह, अशोक कुमार रावत, भागीरथ मीणा, भंवर लाल, भूपेंद्र कुमार, गुमान सिंह, हेमराज राजावत, हनुमान चौधरी, जितेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार, लालाराम, मुकेश कुमार गुर्जर, मुनेश कुमार, महेंद्र कुमार, मही राम, महेश कुमार, नारायण लाल, नरेंद्र सिंह, ओम प्रकाश, प्रताप सिंह, राजेंद्र कुमार शर्मा, रामचंद्र, सुभाष चंद्र वर्मा, सुरेश कुमार यादव, सोमपाल सिंह, सुरेश चंद गुर्जर, सुरेश कुमार एवं उमेश चंद्र दीक्षित को सम्मानित किया गया।

रेजीडेंट डॉक्टरों की हड़ताल के कारण मरीज हुए परेशान

जयपुर । नीट पीजी काउंसलिंग में देरी के विरोध में रेजिडेंट डॉक्टर्स प्रदेशव्यापी हड़ताल पर चले गए हैं। इससे जयपुर के एसएमएस सहित विभिन्न अस्पतालों में इलाज के लिए आए मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हांलाकि इस दौरान वरिष्ठ चिकित्सकों ने कमान संभाली, लेकिन मरीजों की संख्या को देखते हुए यह व्यवस्था नाकाफी रही।

रेजीडेंट्स का कहना है कि नीट की काउंसलिंग नहीं होने के कारण उन पर लगातार काम का बोझ बढ़ रहा है, इसके कारण वह अवसाद का शिकार हो रहे हैं। काउंसलिंग को केंद्र सरकार गंभीरता से नहीं ले रही है। रविवार को प्रदेश के रेजिडेंट चिकित्सकों ने ओपीडी का बहिष्कार कर सोमवार से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार पर जाने की चेतावनी दी थी। आंदोलन के अगले चरण में रेजिडेंट ओपीडी के साथ-साथ आईपीडी, एकेडमिक शेड्यूल और कक्षाओं का भी बहिष्कार करेंगे। केवल इमरजेंसी सेवाओं को चालू रखेंगे।

जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स के अध्यक्ष अमित यादव ने बताया कि काउंसलिंग में हो रही देरी के चलते नया बैच अस्पतालों में नहीं आ पा रहा है। ऐसे में जहां 1000 रेजिडेंट चिकित्सकों की अस्पतालों में जरूरत है, वहां सिर्फ 600 ही काम कर रहे हैं। बाकी 400 रेजिडेंट का कार्य भी मौजूदा रेजिडेंट चिकित्सकों पर ही है। रेजीडेंट्स की हड़ताल के कारण अस्पतालों में व्यवस्थाएं चरमरा गई। हालांकि अस्पताल प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। ओपीडी में सीनियर चिकित्सकों को लगाया गया। मरीजों की संख्या को देखते हुए यह नाकाफी इंतजाम नजर आए। वहीं कार्य बहिष्कार के कारण एसएमएस अस्पताल, जेके लोन अस्पताल, गणगौरी और जनाना अस्पताल सहित राज्य में अन्य सरकारी अस्पतालों में कार्य प्रभावित हुए।

रविवार की छुट्टी के बाद सोमवार को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। रेजीडेंट्स के कार्य बहिष्कार के कारण सीनियर चिकित्सकों के कक्ष के बाहर मरीजों की लाइन लग गई और लोग घंटो तक अपनी बारी आने का इंतजार करते रहे। जनरल मेडिसन, आंख, चर्म रोग समेत कई विभागों में रेजिडेंट्स नहीं होने के कारण मरीजों को दो-तीन दिन बाद आने की बात कही। वहीं, ईएनटी सेक्शन में आंख, कान की जांच करवाने आए मरीजों को भी परेशानी हुई।

- **वरिष्ठ चिकित्सकों ने संभाली व्यवस्था लेकिन मरीजों की संख्या ज्यादा होने के कारण यह इंतजाम नाकाफी रहे**